I request the Minister of Supply and Rehabilitation to make a statement in this regard.

13.02 hrs.

*DEMANDS FOR GRANTS, 1982-83— *Contd.*

MINISTRY OF COMMERCE—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up further discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Commerce. Shri Chandradeo Prasad Verma was on his legs.

श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहता हूं कि पिछले वर्ष माननीय वाणिज्य मंत्री ने जो एक वस्त्र नीति की घोषणा संसद में ही, दोनों सदनों में की थी, उसके संबंध में क्या काम हुआ है अभी तक । एक वर्ष में क्या उसके बारे में प्रगति हुई है, इसके बारे में कुछ नहीं कहा गया हालांकि इसके पहले उप-मंत्री महोदय ने इसके ऊपर भाषण किया है लेकिन उसके बारे में एक शब्द भी उन्होंने नहीं कहा । बहुत विस्तार में वह नीति है, मैं उस सब के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं लेकिन उसमें कुछ मुद्दों की ओर आप का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । घोषणा के मुख्य मुद्दों में से कुछ ये हैं । छोटे बुनकरों तथा इनसे संबंधित अन्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उसका विकास करना, कमजोर वर्गों के लिए सस्ते कपड़े का वितरण करना, मानव निर्मित रेशे तथा यार्न में वृद्धि करना, हथकरघा क्षेत्र में बेकार पड़े करघों को पुनः चालू करना, अधिक उत्पादन के लिए आधुनिकीकरण करना, उचित दामों पर यार्न देना, हथकरघों द्वारा पालियेस्टर तथा गैर-सूती वस्त्रों के उत्पादन को भी प्रोत्साहन देना, ग्रामीण क्षेत्रों में कन्ट्रोल के कपड़े के वितरण पर कड़ा नियत्रण रखना क्योंकि अभी भी ग्रामीण इलाकों में बड़ा गौलमाल होता है और गरीब व्यक्तियों को वह मिल नहीं पाता । उचित कीमत पर रूई उपलब्ध कराना, आदि । ये सब कार्य सरकार द्वारा हो रहे हैं । जो नीति घोषित हुई थी, क्या सरकार उस पर चल रही है । स्पष्ट है कि इस नीति के अनुसार काम नहीं हो रहा है, जो होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है ।

भारत में लगभग 35 लाख हथ-करघे हैं । मेरे पास सही आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और मैं यह समझता हूं कि इस के लिए सर्वेक्षण करने की आवश्यकता है । हथकरघा चलाना बहुत कठिन काम है । रातदिन यदि हथकरघे में पूरा परिवार भी लगा हुआ है, तब भी उसको खाने भर की मजदूरी नहीं मिल पाती है । इसलिए इसमें कुछ विकास करने की आवश्यकता है । जो इस का विकास नहीं हो रहा है, उसी कारण इसमें लोगों को लाभ भी नहीं मिल रहा है इसलिए और नई पीढ़ी के लोग इसमें आ नहीं रहे हैं और यह उद्योग टप्प पड़ता चला जा रहा है । इन लोगों को जो सहायता दी जा रही है, अफसर और बिचोलिए करीब-करीब वह सारा पैसा खा जाते हैं और इन लोगों तक पहुंचते-पहुंचते वह सारी सहायता समाप्त हो जाती है । इसलिए इसमें आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है । और वस्त्र उद्योग के लिए एक ओर स्पष्ट नीति बनाने की आवश्यकता है । जो लोग, प्राइवेट सेक्टर के लोग इस धंधे में लगे हुए हैं उन लोगों को स्पष्ट रूप में

*Moved with the recommendation of the President.

[श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा]

कहना चाहिए कि विदेशों में अपना बाजार खोजो और खोज कर उसका विकास करो । उसके सारे काम, सप्लाई वैगरह सब तुम्हारे जिम्मे रहेंगें । नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन, हथकरघा तथा पावर लूम बोर्ड इन सब को जो देश में कपड़े की आवश्यकता है, उसके अनुसार काम करना चाहिए । गांवों में बसने वाले लोगों, भारत में रहने वाले लोगों की आवश्यकता को देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस आधार पर कपड़ा दिया जाएगा, इस आधार पर कपड़े का वटवारा हो सकेगा । मैं समझता हूं कि यह उचित काम होगा, अन्यथा नहीं होगा ।

अब में रेशम उद्योग की तरफ आना चाहता हूं । प्राकृतिक रेशम की चार किस्में हैं—शहतून, ऐरी, तस्सर और मूंगा । मूंगे के उत्पादन में भारत का एकाधिकार है । तस्सर में भारत का दूसरा स्थान है और शहतून में पांचवा स्थान है ।

भारत सरकार यदि चाहे तो इन उद्योगों को बहुत आगें बढ़ा सकती है। इसके लिए सर्व प्रथम आवश्यक है कि अच्छे अनुसंधान की व्यवस्था हो। अभी अनुसंधान नहीं हो रहा है । उत्पादन थोड़ा जरूर बढ़ा है लेकिन जितना उत्पादन बढ़ना चाहिए वह नहीं बढ़ रहा है । किस्म अच्छी नहीं निकल रही है । इसमें ज्यादा रेशम बर्बाद होता जा रहा है । उत्पादक तथा बुन कर को कम पैसा मिल रहे हैं इस में भी बिचौलिए और व्यापारी अधिक पैसा खाए जा रहे हैं। इस बात पर सरकार को ध्यान रखना चाहिए जिससे कि बिचोलिये और व्यापारी अधिक मुनाफा न खाएं और ज्यादा मुनाफा उनको मिलना चाहिए जो मेहनत करके इसको तैयार करते हैं ।

इसका उत्पादन जितनी तेजी से बढ़ना चाहिए वह नहीं हो रहा है । बोर्ड में अनेकों प्रकार के झगड़े हैं । अभी इसका एक्ट आया था । उसमें संशोधन भी हुआ है । माननीय सदस्यों ने इस पर काफी प्रकाश डाला था । बोर्ड में निश्चित रूप से झगड़े हैं और इन झगड़ों के चलते यह सारा व्यापार चौपट हो रहा है । इस में सुधार बहुत पहले हो जाना चाहिए था । इसकी जांच भी की जानी चाहिए थी ।

नेशनल कमीशन आन एग्रीकल्चर ने एक रिपोर्ट 31 जनवरी, 1976 को दी थी । उसमें कहा गया है :—

"The Central Silk Board should come under the Ministry of Agriculture and Irrigation and be reconstituted with the representatives from the States, the ICAR, the Union Ministries of Agriculture, Industrial Development, Commerce and All India Khadi and Village Industries Commission, etc."

इन सब को मिल करके एक होना चाहिए और यह एग्रीकल्चर में सीधे जाना चाहिए । इसमें पुनः कहा है:—

"The Secretary of the Central Silk Board should preferably be technically qualified and have the status of a Joint Secretary to the Government of India."

ऐसा नहीं है कि अभी ऐसा नहीं चल रहा है । रिपोर्ट आ गई है लेकिन पड़ी हुई है । सरकार के दफ्तर में इसके अनुसार कोई काम नहीं हो रहा है। रेशम उद्योग निश्चित रूप से कृषि पर आधारित है । इस में कुल 35 लाख लोग लगे हुए हैं जिनकी आर्थिक दशा अच्छी नहीं है । राष्ट्रीयकृत बैंक सहायता नहीं कर रहे हैं ।

एक खबर है कि वाराणसी में बुनकरों को काम नहीं मिल रहा है।

सरकार ने जो जवाब दिया है वह बड़ा आश्चर्यजनक है । उपाध्यक्ष महोदय, इसको देखकर हम लोगों को लज्जा आती है । सरकार ने जवाब दिया है कि "जब 50 टन रेशम चीन से आयात होगा तब उन्हें दिया जाएगा ।" यह सचमुच में बहुत बड़ा आश्चर्यजनक बात है, इसके लिए शीघ्र प्रबंध किया जाए । वहां मजदूर बेकार बैठे हुए हैं । वहां का रेशम कारोबार दुनियां भर में विख्यात है, सारे लोगों को मालूम है, लेकिन इस ओर कुछ नहीं किया जा रहा है ।

उपाध्यक्ष महोदय, अन्य भी बहुत सी बातें हैं, लेकिन मेरा समय समाप्त हो रहा है और मेरे अन्य मित्र इन पर प्रकाश डालेंगे । मैं यही चाहता हूं कि इस पर तेजी से कार्यवाही होनी चाहिए और जो यह रिपोर्ट है, उसके अनुसार काम होना चाहिए ।

श्री राम सिंह यादव (अलवर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम माननीय राज्य मंत्री श्री पाटिल साहब की तारीफ़ करता हूं कि उन्होंने बड़ी हिम्मत से, बहादुरी से और साहस के साथ एक साहसिक कदम निर्यात-आयात नीति के संबंध में इस देश की आर्थिक नीति को अधिक मजबूत, सुदृढ और उदार बनाने के लिये उठाया है । नई आयात नीति की घोषणा के अन्तर्गत बहुत सी सुविधायें दी गई हैं और वे इस दृष्टि से दी गई हैं कि हमारे देश के अन्दर उत्पादन क्षमता बढ़े और उत्पादन बढ़ने से हमारी आर्थिक स्थिति में मजबूती आए ।

मान्यवर, आप जानते हैं कि विश्व की 15 प्रतिशत जनता या 15 प्रतिशत आबादी, विश्व की 75 प्रतिशत दौलत का अपने तरीके से इस्तेमाल करती है या उस पर अपना आधिपत्य रखती है और विश्व के 75 प्रतिशत नेचुरल रिसोर्सेस का दोहन करके उसको इंडस्ट्रियल या दूसरे तरीके से तैयार करके विश्व की 15 प्रतिशत आबादी उसका लाभ उठाती है और उसका सीधा लाभ उन्हीं को जाता है और यही कारण है कि आज विश्व की 15 प्रतिशत आबादी अलग संपन्नता लिये हुए है और वह एक विश्व का अलग वर्ग बनी हुई है ।

इस परिप्रेक्ष्य में विश्व ट्रेड को और इसके साथ-साथ अपने देश के ट्रेड को, चाहे वह इंपोर्ट हो, या एक्सपोर्ट हो, देखें तो हमको प्रतीत होगा कि नार्थ यूरोपियन कंट्रीज, यू० एस० ए०, जापान, ये ऐसे मुल्क हैं जो आज की डेवलपिंग कंट्रीज के दो-तिहाई प्राइमरी प्रोडक्टस् को खरीदते हैं और वही आज भी हमारे मार्केट है और यही कारण है कि उनकी मर्जी पर या उनके द्वारा तय किये गये मूल्यों को स्वीकार करना डेवलपिंग कंट्रीज के लिये जरूरी हो जाता है, आबलीगेटरी हो जाता है ।

मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहूंगा, कि जहां वाणिज्य मंत्रालय की मांगों पर चर्चा हो रही है, यह एक बड़ा गंभीर विषय है । वाणिज्य मंत्रालय देश की आर्थिक नीति से बहुत गहरा संबंध रखता है, इतना संबंध किसी दूसरे मंत्रालय का नहीं है और वास्तव में यह मंत्रालय अपने आप तक देश के कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जो वर्ल्ड ट्रेड है, उसके साथ भी इसका अपने-आप में संबंध है ।

सारा विश्व इस बात को जानता है कि वर्ष 1981 वर्ल्ड-ट्रेड के लिये स्टेगनेंसी का साल रहा है, वर्ल्ड ट्रेड में कोई तरक्की नहीं हुई है, जबकि वर्ष 1980 में एक प्रतिशत वृद्धि वर्ल्ड ट्रेड में हुई थी और सबसे बड़ी दुःख की बात यह है कि इस वर्ष 1981 में डेवलपिंग कन्ट्रीज का 13 प्रतिशत प्राइमरी प्रोडक्ट्स

[श्री राम सिंह यादव]

डेवलप्ड कंट्रीज को कम निर्यात किया गया है। हिन्दुस्तान डेवेलेपिंग कंट्रीज में आता है। वह भी प्राइमरी प्रोडक्टस् दूसरे देशों को भेजता है। मुझे प्रसन्नता है कि इन विकासशील देशों ने सबसे पहला एक साहसिक कदम यह उठाया है निर्यात के संबंध में कि इंडस्ट्रीयल मैनुफ़ैक्चर्ड गुड्स का भी निर्यात किया है। डेवेलेपिंग कंट्रीज की मैनुफ़ैक्चर्ड गुड्स का एक्सपोर्ट दूसरे देशों में बढ़ती जा रही है। उनकी वहां खपत बढ़ती जा रही है।

1981 के वर्ष से एक और भी संकेत मिलता है। इस के लिये मैं मंत्रालय को धन्यवाद दिये बगैर नहीं रह सकता हूं। वर्ल्ड ट्रेड में एग्रीकलचरल प्रोड्यूस के महत्व को उस ने स्वीकार किया है। वर्ल्ड में एग्रीकलचरल प्रोड्यूज के लिये सबसे अच्छा मार्किट है। अब आप देखें कि वर्ल्ड एक्सपोर्टस् में एग्रीकलचरल प्रोड्यूस का ग्रोथ रेट पांच प्रतिशत बढा है जबकि इंडस्ट्रीयल प्रोडक्ट्स का केवल तीन प्रतिशत बढ़ा है। इससे सिद्ध होता है कि आपके पास एवेन्यूस है एक्सपोर्ट को बढाने के। आपके पास एग्रीकलचरल सैक्टर्स हैं, एग्रिकलचरल कमोडिटीज हैं, और आपने अपनी एनुअल रिपोर्ट में इस क्षेत्र के इस ऐवेन्यू को स्वीकार किया है। मुझे खुशी है कि आपने उस पर और ज्यादा कंसेंट्रेट करने की बात कही है, उसको और ज्यादा बढ़ावा देने की बात कही है। मैं समझता हूं कि अगर आपने ऐसा किया तो निर्यात के मामले में आपको और भी ज्यादा सफलता मिलेगी।

वर्ल्ड ट्रेड के जो हालात हैं और जो प्रतिकूलतायें हैं उन में भारत को बहुत बड़ी कोशिश अपने निर्यात को बढ़ाने के सम्बन्ध में करनी पड़ी है। उस में कुछ नीतिगत बातें भी हैं जिनका बजट में भी जिक्र किया गया है और मंत्रालय की रिपोर्ट में भी जिक्र किया गया है। सब से बड़ी नीति की बात इकोनोमिक कोओप्रेशन की है। वह डेवेलेप्ड कंट्रीज से नहीं मिल रही है। सब से बडी हिन्ड्रेंस वाली बात पालिसी आफ़ प्रोटेक्शनिजम की है जिस की वजह से डेवेलेप्ड कंट्रीज अपने आप को एलूफ़ फ़ील करते हैं। हमारे देश की प्रधान मंत्री श्रीमति इन्दिरा गांधी ने इंटरनेशनल कान्फ्रेंसिस में कहा है कि जब तक विश्व के अन्दर इकोनोमिक कोआपरेशन नहीं बढ़ेगा तब तक डेवेलेपिंग कंट्रीज कभी भी आगे नहीं आ सकेगें और विकसित देशों के मुकाबले में खड़े नहीं हो सकेंगीं। लेकिन हम विकसित देशों के मुखापेक्षी बने रहे यह भी ठीक नहीं है। वे हमें इकोनोमिक कोओप्रेशन दें तभी हमारा एक्सपोर्ट बढ़े, हमारी इंटरनेशनल ट्रेड तरक्की करे और उसी के ऊपर आधारित रह कर हम काम करें यह ठीक नहीं है।

मेरा निवेदन है कि कुछ आइटम्ज है जिन को हम ट्रेडीशनल एक्सपोर्ट आइटम्ज कहते है और मुझे दुख है कि आज इन आइटम्ज के बारें में भी जिन पर उसकी हजारों साल से मनोपोली रही है, वह अपनी उस मौनोपोली को भी खोता जा रहा है। वर्ल्ड ट्रेड में टैक्सटाइलज, टैक्सटाइल फैब्रिक्स, रा काटन वगैरह के मामले में उसका बहुत बड़ा भाग रहा है। रा काटन के मामले में हमारी एक्सपोर्ट 71 परसेंट कम हो गई है। स्टील और आयरन में 15 प्रतिशत कम हो गई है। काफी में शायद 45 परसेंट कम हो गई है। काफी के मामले तो इंटरनैशनल मार्किट में आपके कहीं

पैर ही नहीं जम रहे हैं। इन मामलों में आप क्या कार्रवाई करने जा रहे हैं, यह मैं जानना चाहता हूं। बजट में काफी प्लांटेशंज, टी प्लांटेशंज, कार्डिमम, रबड़ आदि के ऊपर आपने वैल्थ टैक्स को भी समाप्त कर दिया है। उसके बावजूद आपने कोई संकेत नहीं दिया है वर्ल्ड ट्रेड में काफी, चाय, टैक्सटाइल, टैक्सटाइल फैब्रिक्स, रा काटन, आयरन और स्टील के मामले में किस तरह से आगे बढ़ रहे हैं, वर्ल्ड मार्किट को किस तरह से कैप्चर आप कर सकेंगे। इसका कोई इंडिकेशन 8–9 महीने की रिपोर्ट में नहीं है, अप्रैल से दिसम्बर तक की जो प्रगति की रिपोर्ट आपने दी है, उस में कोई संकेत नहीं है। केवल इतना संकेत दिया है कि पिछले वर्ष जो एक्सपोर्ट ग्रोथ 26 परसेंट कम रहा इस वर्ष नौ महीने के अन्दर वह 11.9 प्रतिशत ही कम रहा है, इसका मतलब यह हुआ कि कुल मिला कर 37–38 परसेंट ग्रोथ रेट कम रहा है। इस तरीके से आप ऐक्सपोर्ट की ग्रोथ रेट की किस तरह से आगे कर सकेंगे? आप काबू नहीं कर सकते हैं? जब तक किसी देश के अन्दर ऐक्सपोर्ट को नहीं बढ़ाते हैं और इम्पोर्ट को कम नहीं करते हैं तब तक इकोनामी कभी भी मजबूत नहीं हो सकती है। इन दोनों के अन्दर बैलेंस को कायम नहीं रख सकते हैं। पिछले दो साल से बराबर ट्रेड गैप बढ़ रहा है। 1980–81 में ट्रेड गैप 5,790 करोड़ रु० का था और इस समय पिछले 8 महीने में 3,523 करोड़ रु० का है। इसको किस तरह से पूरा करेंगे, कौन से क्षेत्र को आप लेंगे, ऐसी कोई इंटेशन आपकी रिपोर्ट या काम से नहीं मिलती है। यह बात सही है कि जब तक आप मार्केट को ऐक्सप्लोर नहीं करेंगे और आप नहीं देखेंगे कि कौन कौन से आइटम्स हैं जिनकी देश के अन्दर खपत होते हुए भी बाहर भेज सकते हैं, जो कि जरूरी है, क्योंकि फोरेन एक्सचेंज लाना है और अपने ट्रेड बैलेंस को बनाये रखना है, तब तक काम नहीं चलेगा। कई बार कहा गया ऐग्रीकल्चर प्रोड्यूस के बारे में एक सिस्टेमैटिक तरीके से नीति बनाइये। ऐग्रीकल्चर प्रोड्यूस को किस तरह ऐक्सपोर्ट करेंगे इस बारे में कुछ नहीं कहा गया। हमारा कृषि प्रधान देश है जिसमें, 80 प्रतिशत लोग खेती पर रहते हैं उस देश के अन्दर भी मुझे जानकर बहुत दुख हुआ कि आपने 1980–81 में 58.05 करोड़ का गेहूं मंगाया है। 1.84 करोड़ का राइस मंगाया है, 28.9 करोड़ के अन्दर सिरियल्स और 26.1 करोड़ के सीरियल प्रोपरेशन्स मंगाये हैं और मिल्स और क्रीम भी 52.97 करोड़ का इम्पोर्ट किया है। जब हम चावल और गेहूं के बारें में कहते है कि सेल्फ सफिशियेंट हैं और मिल्क के बारें में कहते है कि आवश्यकता नहीं है मंगाने की फिर इनका इम्पोर्ट पर इतना करोड़ों रू० क्यों खर्च किया जा रहा है? आपको गेहूं मंगाने की आवश्यकता नहीं थी, जो वेजिटेबिल्स और फुट्स है आपने कैशूनट्स का इम्पोर्ट किया है, हीरे जवाहरात का इम्पोर्ट किया है। ऐसे आइटम्स को जिनकी आवश्यकता नहीं है, जो लग-

[श्री रामसिंह यादव]

जरी गुड्स है उनको आपको इम्पोर्ट नहीं करना चाहिये । मैं मानता हूं कि कुछ ऐसे आइटम्स है जिनके इम्पोर्ट को आप कम नहीं कर सकते हैं, जैसे पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स और जितना इम्पोर्ट पर खर्च कर रहे हैं उसका 45 परसेंट केवल आयल पर खर्च होता है : लेकिन और जो दूसरे आइटम्स है जिनके बगैर भी काम चल सकता है उनको इम्पोर्ट नहीं करना चाहिये आप कपड़ा भी इम्पोर्ट कर रहे हैं । अगर आप इनफीरियर क्वालिटी का कपड़ा पहनते है तो देश को नुक्सान नहीं होगा । इम्पोर्ट को कम करने के लिये देश के लोगों को कुछ त्याग करना पड़ेगा जो कि बहुत जरूरी है । ब्लेड के कारखानों के लिये बाहर से कोलीबरेशन करने की क्या जरूरत है । आपने कहा दिल्ली में एशियाड गेम्स के समय पेड़ों पर पानी छिड़कने के लिये इटली से फव्वारे मंगाये जायेंगे । इसकी क्या जरूरत है । ऐक्सपोर्ट और इम्पोर्ट में बैलेंस रखे की आपकी भारी जिम्मेदारी है । तो किसी घर में, घरवाला बाहर से खरीदता ही रहे और अपनी कुछ चीज बनाकर बाहर भेजेगा ही नहीं जरूरी बात है कंगाल होगा, उसकी पावर्टी बढ़ेगी । इसके लिये जरूरी है कि हम इम्पोर्ट को कम करें, एक्सपोर्ट को बढ़ावें । तभी आप पावर्टी को कम करने में सफल कदम उठा सकें ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि एक्सपोर्ट के सम्बन्ध में जो आपने नीति बनाई हुई है, इससे आपको कुछ नुक्सान भी हो रहा है और सबसे ज्यादा नुक्सान यह है कि काफी में जहां 45 परसेंट का आपका मायनस है, मसाले में भी 29 परसेंट मायनस है । इसी तरह काटन में 71 परसेंट आयरन एंड स्टील में 5 परसेंट, काटन फैबरीक्स में 8 परसेंट, जूट मैन्युफैक्चरिंग में 13 परसेंट, मैंटल मैन्युफैक्चरिंग में एक्सक्लूडिंग आयरन एंड स्टील 15 परसेंट मायनस है । तो जो आपकी मेजर आइटम्स हैं, जिनको मैन स्टे कामोडिटीज कहते हैं, एक्सपोर्ट के नुक्तेनजर से उनका एक्सपोर्ट आपका गिर रहा है और लगातार उसमें कोई वृद्धि नहीं हो रही है । यह एक बहुत बड़ी चिन्ता का विषय है, जिसको आपको गंभीरता से लेना है और आपको सोचना है कि कौन से मार्केट मिल सकते हैं, मिडिल ईस्ट के या दूसरे कंट्रीज के अच्छे मार्केट मिल सकते हैं । इनको हमें देखना और तलाश करना होगा । इसे देखने और तलाश करने के लिये आपके मंत्रालय की रिपोर्ट में इसके लिये कोई प्रावधान नहीं किया गया है । जो कि बहुत जरूरी है । सबसे अधिक पैसा आपको इस पर खर्च करना है, इसकी रिसर्च करनी है और इसे डेवलप करना है ।

इम्पोर्ट के बारे में जैसा मैंने कहा कि पी० एल० ओ० पर 5586.87 करोड़ रुपया आपने खर्च किया है और नान पी एल ओ पर 6847.71 करोड़ का खर्चा किया है । मुझे इस बात को कहते हुए दुख होता है कि जो फर्टिलाइजर पिछले साल इम्पोर्ट किया गया

उसमें से कितना आपने खर्च किया ? मैंने कल एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री की रिपोर्ट पढ़ी, उसमें लिखा है कि जो फर्टिलाइजर आपने मंगाया उसका ज्यादा हिस्सा स्टाक में पड़ा है उसको किसान ने उठाया नहीं, उसके रेट हाई थे और दूसरे कारण भी थे। जब तक आप अपनी खुद की डिमांड को स्टडी नहीं करेंगे, रिक्विजीशन किन किन डिपार्टमैन्टस ने दी है, इंडैट दिया है, अगर फर्टिलाइजर आपके यहां पड़ा रहता है, कोई इस्तेमाल नहीं होता है तो जो फारेन एक्सचेंज आपने उसमें इन्वैट कर दिया उससे कोई लाभ नहीं होता है, सिवाय नुक्सान के कुछ नहीं होगा। मेरा निवेदन है कि फर्टिलाइजर पर जितना एमाउन्ट इन्वैस्ट किया है, यह ठीक है कि फर्टिलाइज के प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिये बहुत जरूरी है, लेकिन पिछले साल आपका फर्टिलाइजर सरप्लस हुआ और मुल्क में उसकी कंजम्पशन गिरी है। यह भी ठीक है कि अबकी बार फर्टिलाइजर की कुछ मदों पर वित्त मंत्री नें 100 परसेंट एग्जम्पशन दिया है ड्यूटी का। वह एक सराहनीय कदम है। इसके साथ साथ आपको यह भी देखना होगा कि कौन सी मदों पर आप इम्पोर्ट को कम कर सकते हैं ?

इसके अलावा वेजीटेबल आयल को मंगाने पर आपने 567.78 करोड़ रुपये लगाये है, आयरन एंड स्टील पर आपने 779.20 करोड़ रुपये लगाये हैं। मशीनरी एंड ट्रांस्पोर्ट इक्विपमेंट पर 1572.74 करोड़ रुपये 1980-81 में खर्च किया है। इस तरह से जितनी भी इम्पोर्ट की मदें हैं उन पर आपका खर्चा बढ़ा है, किसी में कम नहीं हुआ। यह मैं मानता हूं कि ऐसी मदें हैं, जैसी मशीनरी का इम्पोर्ट आपने टक्नोलोजी को डेवलप करने के लिये किया है। 100 परसेंट जो गुड्स तैयार करके बाहर भेजते है, जो एक्सपोर्ट ओरिएन्टेड गुड्स है उनके लिये आप टेक्नोलोज़ी इम्पोर्ट करते है, मशीनरी इम्पोर्ट करते हैं, उसमें तो हमें कुछ नहीं कहना है, लेकिन जो ऐसी मशीनरी है जो यहां मिल सकती है, लेकिन आप यह कहे कि एफीशियेन्ट तरीके की होगी, इसके लिये आपको चैक करना होगा, स्पेशल सेल कायम करने होंगे। ओंपन तरीके से सभी को इजाजत देते चले जायेंगे तो आप इम्पोर्ट को किसी भी तरीके से कम कर सकेंगे। आपको थ्रस्ट इस बात पर होनी चाहिये कि इम्पोर्ट कैसे कम करें।

इन 8, 9 महीने में इम्पोर्ट 11.9 परसेंट कम हो गया है, इस तरह के इंडोकेशन्स आपने दिये है कि पिछले साल से यह कम हुआ है। लेकिन पिछले साल भी यह आपका ऊपर जा रहा था, 26 परसेंट का आपका खुद का रिकार्ड है।

अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि इसके लिये आपको कुछ नीतियां निर्धारित करनी जरूरी हैं। उसमें सब से पहली आवश्यकता यह है कि मंत्री महोदय को अपनी टेक्सटाइल पालिसी पर दोबारा सोचना पड़ेगा। हिन्दुस्तान अपने निर्यात के लिये काटन और टेक्सटाइल फैब्रिक्स पर डिपेंड करता है। इस नीति के मजबूती

[श्री रामसिंह यादव]

के साथ स्वीकार करना है और इसके प्रोडक्शन को बढ़ाना है।

हैंडीक्राफ्ट्स पार बहुत कम ध्यान दिया गया है। गुराजस्थान, उड़ीसा, तामिलनाडू गुजरात और नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स के हैंडीक्राफ्टस की बाहर के मार्किट में बहुत बड़ी मांग है। उन्हें जितना अधिक बढ़ावा दिया जायेगा और जितने अधिक इनसेन्टिव्ज दिये जायेंगे उतना ज्यादा फारेन एक्सचेंज हम ले सकते हैं। यह एक ऐसा फील्ड है जो हमें अधिक से अधिक फारेन एक्सचेज दे सकता है। इसका मार्केट भी आसानी से मिल सकता है। लेकिन एनुअल रिपोर्ट से इस बारे में कोई विशेष प्रयत्न जाहिर नहीं होता है। मुझे आशा है कि मंत्री महोदय इस पर विशेष ध्यान देंगे।

जहां तक कृषि उत्पादन—वेजीटेबल्ज और फ्रूट—का सम्बन्ध है, सरकार की ओर से कहा जाता है कि डोमेस्टिक कनजम्पशन को देख कर उनका निर्यात किया जाता हैं। अगर डामेस्टिक कनजम्पशन को कम करना जरूरी हो, अगर सब्स्टीट्यूट्स को स्तेमाल किया जाए —जैसे सब्जी को दालों से सब्स्टीट्यूट किया जाये—तो वह करना चाहिये लेकिन अगर किसी भी कामोडिटी का निर्यात करने से फारेन एक्सचेंज मिल सकता है, तो उसका निर्यात जरूर करना चाहिये। एक्सपोर्ट के लिये यह नीति कारगर नहीं हो सकती कि अगर हमारे पास कोई सरप्लस कामोडिटी होगी, तभी उसे एक्सपोर्ट करेंगे। सरकार को अपने पर और नेशन पर कुछ न कुछ रेस्ट्रेंट लगाना होगा और किसानों को कुछ इनसेन्टिव्ज भी देने होंगे। किसान सेव, बेनाना या आम पैदा करता है, अगर वह ज्यादा पैदा हो जाता है, तो उसके भाव गिर जाते हैं। सरकार उन्हें बाहर नहीं भेजती है। सरकार को उनके लिये बाहर को मार्केट तलाश करनी चाहिये, ताकि देश को फारेन एक्सचेज मिले ;

लेदर, फुटवियर और लेदर मैनुफैक्चर का एक्सपोर्ट भी गिरा है। इस साल सरकार ने थोड़ा बढ़ावा दिया है, लेकिन दो साल से उसका ट्रेड डाउनवर्ड है। इसमें हमारा देश ज्यादा से ज्यादा फारेन एक्सचेंज कमा सकता है, इसलिये इस पर विशेष ध्यान देना चाहिये।

हमारे यहां बहुत अच्छी क्वालिटी का राइस पैदा होता है। जो मुल्क से खरीदना चाहते हैं, हम उन्हें वह चावल एक्सपोर्ट करें और फारेन एक्सचेज प्राप्त करें। हम अपने देश में आर्डिनेरी क्वालिटी या लोअर क्वालिटी का चावल कन्जूम करें और अपनी इकानोमी को मजबूत करने के लिये अच्छी क्वालिटी के चावल को एक्सपोर्ट कर के फारेन एक्सचेज हासिल करें, इसमें गुरेज नहीं करना चाहिये, बल्कि इसको डेवलप करना चाहिये।

आप बहुत योग्य राज्य मंत्री हैं। आपकी योग्यता में किसी को शको-शुबहा नहीं है। आप बहुत मेहनती भी हैं। लेकिन आपका महकमा एक बहुत चैलेंजिंग टास्क है। आपको सारे वर्ल्ड से कम्पीट करना है। जब तक आप रात के 12 बजे तक वर्ल्ड मार्केट के ट्रेड्ज को स्टडी नहीं करेंगे, तब तक आप मंत्रालय को सही गाइडेंस नहीं दे सकते। इस बारे में अधिक से अधिक मेहनत और काम की जरूरत है। हमारा इम्पोर्ट बढ़ रहा है, उसे कम करने की जरूरत है।

इन सुझावों के साथ मैं इस मंत्रालय की डिमांड्स का समर्थन करता हूं।

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): Mr. Deputy-Speaker, Sir, recently on behalf of the Government of India, a new import policy has been announced. This import policy does not come in a vaccum;

it comes in the background of a specific situation, and it has to be judged in that background. That background is a background of, I should say, almost crippling dimensions of a trade deficit, which is mounting from year to year, and which, according to this book, has reached a figure of Rs. 5790.30 crores for 1980-81. This Report of the Ministry also says that exports have also been rising; but while exports have been going up by 4 percent, the Report admits that the imports have gone up by 39 per cent.

So, the dimension of the imbalance is very clear and it is admitted...).

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI SHIVRAJ V PATIL): It is for the past; not for the present . This 39 per cent import is for 1981.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Yes. It is also stated. And I know the Minister—because it is also indicated in the book—is going to say that we are entering into a new phase in which exports are going up in a big way. But here it is stated in this book that there are certain basic factors, not temporary, not fluctuating, but rather, I should say, long term basic factors, which are acting as a brake on the growth of our exports, which are hampering our exports. So, if this is his argument when he replies that exports are going to look up and all that, he will have to tell us also from the study of the global phenomena how those factors which they admit are preventing exports—and not only our exports, but exports of almost all the developing countries—from going up, are going to be countered? What is all this hullabaloo about North-South struggle going on in the world, this whole business of fighting for a new economic order for which the Government of India took an initiative recently and held, what is called, South-South-Conferance here? What is it all about if it not for this?

There may be marginal growth in one particular year, but basically if this imbalance is to be remedied, can there be any such substantial growth in exports unless some basic policies, not only of us, but of those advanced countries, those developed countries with whom we have to deal are also changed?

This Report has admitted that the only countries with which there is not an unfavourable trade balance, but favourable trade surplus, in our favour are the countries of socialist communities, Eastern Europe and the Soviet Union and to a much lesser extent Africa. It is admitted here. But in the other countries, particularly the Western advanced countries there is a recession going on. And it is there where you are trying to sell your exports.

Then there are the fluctuating exchange rates. This is admitted here. And above all there is a fact that those countries are very consciously and planfully practising various types of protectionist measures both fiscal as well as non-fiscal to prevent exports from the developing countries coming into their markets on any substantial scale. That is mentioned in your Report itself So, are you in a position to change those things?

You may be able to show in a particular year two per cent or four per cent increase in export that has taken place. That is a different matter. It may be due to combination of various circumstances. But my point is we have to judge the new Import Policy declared the other day against this background and then say what do we find.

This new policy which has been declared should in my opinion have put much more emphasis on the question of import substitution i.e. the question of self-reliance, import substitution which was one of the goals which our Planners had put before themselves long ago. Instead of that, the new policy is a policy of what they call 'Import Liberalisation'—just the opposite. And what is that Import Liberalisation? About 100 items of raw materials and components have now been brought under the Open General Licence in this policy: 85 items of machinery have been brought under the OGL and those export units which are referred to as 100 percent export units, are supposed to export their entire production abroad, have been given 100 per cent

[Shri Indrajit Gupta]

freedom to import, as much as they want, whatever they want. And then Sir, a very strange thing has also happened. Up to now the prevailing Import policy at least did not allow import licences to those who are considered to be non-users: only to the actual users, the person who actually uses those items for production was to be given a licence. But under the new policy even the non-users are to be given licences. That means that they can import this material even though they are not the producers themselves; and then they can sell it here in the market naturally at black-mail rates. This is a new thing that has been introduced.

And then there is a free import of foreign technology and know-how. All these years we have been repeatedly assured in this House that only that foreign technology and that technical knowhow will be allowed to be imported, which we do not have in this country at all and which is very urgently required; and such foreign technology import will not be permitted which impinges upon our indigenous technology, which prevents our indigenous technology from being developed. Also, I should say that in any developing country—and India is not an exception to that—there are to many industries here, our own domestic industries which are still, I should say nascent industries. They have not fully developed or fully grown. And in such countries they have to be given some protection. They have to be given some protection because otherwise the gates will be open for competition from people who are hundred times more powerful with tremendous resources and technology at their disposal. But now this free import of foreign technology and know-how which is outlined in this Import Policy, I don't know whether the Minister will admit that is something basically and radically new is sought to be introduced now. The Open Door policy for foreign capital is now being replaced by open door policy for foreign goods and foreign technology. I know the answer that will be given because the officials of the Commerce Ministry are not at all reticent. They have been speaking freely very well and loudly about it, trying to advertise this policy as being some thing which will produce a miracle in our exports absolutely. We will be able to get all sorts of wonderful technology and all that. It will boost up our exports like anything. This is the sunshine story spread out by the Secretary of the Commerce Ministry and the other gentleman whose statements we read in the Press. But we should know that these foreign advanced countries hardly give their best or the latest or most efficient technology to countries like ours. It is well-known and everybody knows that. Anybody who knows about economics knows it. It is always the substandard and obsolete technology that is passed on to poor developing countries. So, no country can show whereby simply by importing technology from abroad, they have been able to stimulate their exports on a very substantial scale. And it will not happen in the case of India too.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): It happened in other country also.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Yes, they have purchased the technology outright. There is a different process they followed in Japan.

I should say now this that the Minister wants to worship at the alter of the IMF with a vengiance. We have been quoting here day after day from the documents and memoranda of the IMF itself. And one of the main prescriptions they had given at the time of the Extended Facility, which we were given was that import liberalisation on a big scale must be put through. These, so-called, adjustments must be made. Without that adjustment that Loan is not going to be given. But for myself, I did not expect that this capitulation would take place so soon and on such a big scale. The IMF Memorandum which was quoted so many times in the House earlier on had confidently forecast that the Indian trade deficit will rise to its peak in 1983-84, not now. That means even if exports go up a little bit, imports will go up much more because that is the policy that you are adopting -requiring "substantial additional borrowing much of it on commercial terms". This is what IMF has forecast; and that is the path on which you are going; i.e. after the period of IMF loan is over,

they themselves have said that you will have to go in for commercial borrowing on a big scale which means at what rates of interest you know very well.

I would like to draw the attention of the Minister to the 23rd Report of our own Estimates Committee, which has been submitted only recently. I am afraid the Reports of these Committees of the House are nowadays given very very low priority in the matter of consideration by Parliament. We never discuss a single one of our reports. They are printed, published and put away in the libraries. I do not know how many of these reports are seriously considered; but they are never discussed at least.

This 23rd Report of the Estimates Committee has a very interesting thing to say about the pattern of trade deficit because one thing which is always being said by my hon. friend Mr. Shivraj Patil is that this constantly rising value of imports is almost entirely due to the prices of petroleum and petroleum products. I do not deny that prices of POL have been going up frequently. It is a world-wide phenomenon. But the impression created is that but for POL, if we remove them from the export-import balance sheet, then you will find that things are not so bad, and that our exports are doing much better than our imports. It is not a fact.

The Estimates Committee's 23rd Report has given enough facts and figures to show that even without POL, the other non-POL imports are every year exceeding our exports substantially, by Rs. 300 crores, Rs. 400 crores or Rs. 500 crores. They have said that so long as this situation continues, the import of non-essential items should be very strictly controlled. But under the new import policy announced now, I am afraid even a large category of non-essential items will be permitted free entry.

The Estimates Committee has also pointed out that the unit value of many of the items which we export, i.e. what we realize, is much less in many cases than the unit value of the same items which are exported by other developing countries. They realize a higher item value than we realize and they have pointed this out—these are not my findings, viz. that this feature is due to the fact that in our country, there is a very large scale theft of foreign exchange going on by means of under-invoicing. Large scale under-invoicing by our businessmen is leading to this loss in foreign exchange; and the unit value of our export items is on the low side.

PROF. N. G. RANGA : It is for a long time that this is going on. Something has to be done.

SHRI INDRAJIT GUPTA: So, far as this import policy is concerned, our worst apprehensions are coming true; and I am afraid this is going to really have a crippling effect on many of our own domestic industries. The Indian machine-building industry has been struggling to get along—it has some achievements to its credit, I should say also; and the Indian machine-building to-day is in a position to supply first class equipment to many of our industries, whether they are textile, engineering or even heavy electrical equipments etc—but if you open the flood gates like this to the entry of foreign goods including machinery—because our Indian businessmen and Indian industrialists, especially those who belong to the large industrial houses have developed a mentality that they will always import foreign machines rather than have Indian ones—this is going to have a deleterious effect on the Indian machine building industry also, which requires some kind of a protection, some amount of encouragement and some amount of protection from getting crushed out of existence by these powerful foreign multinationals, with which they cannot compete.

So, the main thing I wanted to say is that this policy is absolutely an anti-national policy, against the interests of our nation, and that this policy should be opposed and fought tooth and nail. No support can be given to such a policy which is reversing the whole goal of

[Shri Indrajit Gupta]

national self-reliance and import substitution and independent economic development which we are supposed to be pursuing all these years, and without which no industry can stand.

I will raise 1 or 2 points before concluding, since my time is running out. They are both connected with the textile industry to which the previous speaker referred, but first I would refer to the jute textile industry. It is said here in this regard that the jute industry is facing a very serious recession due to decline in export demand; and, therefore, exports are declining and that there is recession and all that kind of thing. It is true to some extent, I admit, because the industry has been developed in such a way that it is critically dependent on foreign markets. It has always developed in such a way that other alternative uses, diversified uses of jute goods have not been developed or seriously pursued by these mill owners; and they have depended overwhelmingly on the export market, which previously used to be for hessian and after that, for carpet backing. And if for any reason, the demand declined in US or other overseas markets, immediately we are told that there is a terrific crisis in that industry.

Even then, according to his own report, the jute industry is still one of our major foreign exchange earners. Inpite of these recessionary conditions, the figures here show that in 1979-80 the foreign exchange earned by the jute industry was Rs. 334 crores, whereas in 1980-81 it came down to Rs. 326 crores. It means that only Rs. 8 crores of export earnings went down. But it is certainly a valuable and crucial industry for our purpose. In this year, which has been declared as the Year of productivity, it is a deplorable fact that at this moment in West Bengal, about 14 jute mills are lying closed, not because of strike by workers, but because of lock-out or something else by employers; and so much of production capacity is completely crippled and paralyzed. I do not know what steps Government is proposing to take to get these mills into operation again.

At the same time, in this last season, which has just passed of raw jute cultivation, it is again admitted in the report that during the past season, prices the growers of raw jute obtained were generally lower than even the minimum support price which the Government of India proclaimed at Rs. 175|- per quintal. Even that price the raw jute growers did not get. And mills are lying closed. This report does not help us to understand at all what needs to be done, what is the remedy and what the lines on which this industry should be tackled.

There is a mention here of a Task Force set up for the jute industry by the Government. I know some of its members. That Task Force has submitted as early as in February 1981 its report which consists of about 8 or 9 very important recommendations, as to how to rehabilitate this industry, and put it on its feet. Very valuable recommendations are there, I should say. I am not able to go into them, for lack of time; but the main thrust of these recommendations is that the industry should acquire a new look. It should do some market research; it should look for alternative uses for jute products, and should do modernization from that point of view. At the same time it should try to see that the cultivators get decent price for the fibre. But this report does not tell anything about what is the fate of the Task Force report. All it says is that the report was again referred to some committee of the officials or something. There the matter rests; and nobody knows if those recommendations are going to be buried for ever or what is going to happen. So, this is the very sad plight that the jute industry has come to. I would request the hon. Minister to give some serious thought to it. During the last year, they went out of their way to give the mill owners many benefits and concessions hoping that would stimulate them to revive the industry; they gave them some Rs. 70 crores additional credit for buying raw-jute, because they said, they did not have any cash. Even after that nothing happens; nobody knows where those Rs. 70 crores went also.

And export subsidy was increased from the 1st of September 1981. Still nothing happens. So, either this industry under its present owners has got to be radically restructured; if that cannot be done, this industry has to be taken over. It is one of our principal foreign exchange earners, giving you nearly Rs. 400 crores every year. It cannot be allowed to be ruined and destroyed like this by a hand-ful of big jute mill owners.

Last few points about the cotton textile industry, of course, much is being said here by other members also. Here I also regret to say, at this moment, in this year of productivity, the fact of the matter is that entire textile industry in Bombay is closed. You may blame anybody you like. You are the Government running the show. 64 textile mills in Bombay, the State from which the hon. Minister himself comes, 64 textile mills employing 2.5 lakh workers are closed since the 18th of January. I do not know how much production is involved; but this I do know that because of some question of prestige that they will deal with only such and such a union; we will not deal with anybody else; and the union with whom they want to deal is completely isolated from the workers; the workers do not follow that union. They are out on strike. All they want is that their representatives should also be called for some negotiations to settle the strike; but nothing is happening; and this strike is dragging on.

13.58 hrs.

[SHRI HARINATHA MISRA *in the Chair*]

It is one of the biggest textile strikes that Bombay has ever seen. It is not a very good thing to the credit of the Government. At the other end of the country, in my own State, I would remind the hon. Minister that the largest mill, cotton textile mill, composite mill in Eastern India, that is the Birla Keshoram Cotton Mill in Calcutta, employing 10,000 workers had been locked out by the management since the 6th of December and this is April now. Production of this Birla Keshoram Cotton Mill comes to 2.80 lakh meters of cloth per day; just calculate the loss. And the net profit this Keshoram Cotton Mill has been making is like this. Is it running at a loss that it had to be locked out ? In 1978-79, its net profit was Rs. 3.46 crores; in 1979-80, its net profit was Rs. 5.10 crores and in 1980-81, its net profit was Rs. 5.66 crores. This company out of which the Birlas are earning so much profit, that has close down its largest unit employing 10,000 workers from the 6th of December; and now we are on the 12th of April and nothing is being done. My complaint is that nothing is being done, whatsoever to get these employers to reopen the mill and run it. If the workers go on strike somewhere, we are told that they are doing something terrible anti-social and the whole country will be destroyed by the irresponsibility of the workers and all that. But where these employers, powerful employers are involved, closing down their production units, the Ministers of our Government have no courage to say boo to the goose; maybe for other considerations I do not know what; because this is the election season again now unfortunately.

14 hrs.

The last point I want to make is— I would request him to look into it that is why I am raising it here—regarding his own National Textile Corporation. I know the entire National Textile Corporation in the country is in difficulty and is showing very poor results. There is no doubt about it.

And one of the main reasons for it no doubt is the fact that under the pressure of the private textile mill owners the Government agreed that they would have no further responsibility for manufacturing, what is called the controlled cloth, or cheap cloth, the cloth which is required by the vast rural masses of our country. That was taken away from them and the whole responsibility was put on the NTC. Everybody knows that you cannot make much of a profit out of the cheap cloth, controlled cloth; it is not meant to make profit out of it also. All

[Shri Indrajit Gupta]

the profit making varieties of cloth, fine, super-fine and everything is left to the private mill owners and the NTC mills are burdened entirely with the burden of producing this cheap and controlled cloth That I suppose, is the basic reason why the balance sheets of the NTC mills do not show profits. But anyway, I am referring now particularly to the Eastern Region subsidiary of the NTC comprising about 14 mills in West Bengal alone. In one year, 1980-81 the net loss of this subsidiary, as published in their own balance sheet, the Seventh Annual Report is 10.88 crores—their net loss! There is an Auditors' Report included in this Annual Report and it says in one place, if I may quote, this is what the Auditors have said:

> "We were given to understand that the Corporation has an internal audit system. In our opinion, such system is not commensurate with the size of the Corporation or any of its business. It requires to be adequately enlarged and extended to various areas of its activities."

Now, the Chairman and the Managing Director of this subsidiary, of the Eastern Region, Mr. S. K. Bannerjee, who has been in control since 1978-79, has been accused of making various inconsistent and contradictory statements. He appeared before a Parliamentary Committee also last year, headed by Mr. R. R. Morarka which went to Calcutta, specially to study the affairs of this NTC and all sorts of inconsistent and contradictory statements were made by the Chairman and Managing Director and if one tries to sort out those contradictions .... (*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN: What is the name of the Committee?

SHRI INDRAJIT GUPTA: A Committee of the Parliament.

MR. CHAIRMAN: What Committee?

SHRI INDRAJIT GUPTA: It must have been the sub-committee of the Public Accounts Committee of the Public Undertakings Committee. It is therefore suspected that the bulk, for example the bulk of the yarn being produced by these mills, in the Eastern region is not being sold, as it was meant to be sold by a Government agency to the handloom sector and Government cooperatives and all that, but is being sold to private agencies.

There was a case in the Calcutta High Court involving this Eastern Region subsidiary of NTC. Case No. 220 of 1980. That is some other matter I am not concerned with it at the moment. In delivering the judgment in this case on the 17th February 1981 Mr. Justice S. K. Roy Choudhury of the Calcutta High Court made a few comments and I would just like to quote one or two of them, because they are of a general type of comments:

> "The whole object and purpose of the provisions in the Companies Act, 1956 and the rules made thereunder is to see whether the business is carried on, following the commercial norms and honestly and in a regular manner. There is no dispute that the respondent company—meaning this NTC—has taken over the sick textile units to bring them to line by an efficient and honest management. But I can take a judicial notice of the notorious fact that it has utterly failed to do so. On the other hand, the attitude of the present management of the respondent—company is such that it gives the impression to the Court that they are not bound by the laws of the land or by any provisions of the Companies Act, 1956 and whatever they say must be accepted as gospel truth both in fact and in law. The high and mighty attitude on the part of the respondent Company is really sickening and I do not think that the Court should take by any notice of any fact or law which has no basis and particularly the Court will not rely on technicalities. However, the respondent-Company, being a Government company, and a top heavy administration which is managing the sick units, and whether they have brought back health to the sick units or not is a question to be enquired into elsewhere."

That did not come within the ambit of that particular case.

What I am saying is that there is something very seriously wrong with the eastern region unit of the NTC. For example, you will find from the Annual Report they have spent a substantial amount, invested about Rs. 35.91 crores on modernisation of machinery. But, along with the modernisation of machinery, one finds that the machine utilisation is going down all the time. Somebody has to look into it. How can this happen?

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: That process is on.

SHRI INDRAJIT GUPTA: My information is that in this process of modernisation, the Technical Director and some other technical experts who are there are being ignored in favour of setting up, what he calls,—this is mentioned in his Report— the Modernisation Committee, consisting of senior executives. They may be senior, or may be anything, but in this particular matter, the Technical Director and the technical experts have to be given priority; otherwise, it becomes highly irregular;

